महत्वपूर्ण एवं खास

महानदी मैया की महाआरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री बघेल

राजिम (आरएनएस)। माघी पुन्नी मेला में चल रहे महानदी मैया की महाआरती में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधि विधान के साथ आरती उतारी। बघेल ने जैसे ही आरती के पात्र घुमाना शुरू किया आलौकिक दृष्य उभरकर सामने आया। पंडित राम शर्मा ने मंत्रोचार किया आरती संचालक संतोष शर्मा कुम्भज ने आरती गीत प्रस्तुत किया। सबसे पहले शंख ध्वनि हुई पश्चात आरती के बाद परिक्रमा किया गया। मुख्यमंत्री ने त्रिवेणी मैया से प्रदेश की खुशहाली के लिए याचना किया। इस मौके पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, राजिम विधायक अमितेष शुक्ल, अभनपुर विधायक धनेन्द्र साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं धर्ममयी श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक की उंगली कटी

गरियाबंद (आरएनएस)। वन विभाग के सामने एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल जो लहराते हुए वन विभाग के सामने बने नाली में जा गिरा , जिससे मोटरसाइकिल चला रहा युवक का दायां हाथ की उंगली कटकर अलग फेका गया । घटना के विषय मे में मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद नगर के वैल्डिंगा दुकान में कार्य करने वाला ग्राम मजरकट्टा निवासी संतोष चन्द्राकर हीरो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 ,7067 में एक अन्य ब्यक्ति को बिठाकर रावतभाटा से गरियाबंद की ओर आ रहा था उसी दौरान जनपद पंचायत के पास एक मोटरसाइकिल को साइड देते वक्त सन्तोष का मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर लहराते हुए मोटरसाइकिल सहित दस फिट ऊपर उछलकर वन विभाग के सामने बने नाली में जा गिरा ,जिससे सन्तोष की उंगली मोटरसाइकिल के हेंडिल और नाली का ढक्कन जो सीमेंट से बना है उसके बीच आ गया जिससे सन्तोष के हाथ की एक उंगली कटकर अलग फेका गया ,और इस दुर्घटना से घायल के चेहरे के गम्भीर चोट लगी। घटना की जानकारी नजदीक के लोगो के द्वारा पुलिस थाना और संजीवनी 108 को दिए ,तब संजीवनी के माध्यम से घायल ब्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाया गया।

मातिन पहाड़ में घुम रहे हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के वनमंडल कटघोरा में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के जटगा रेंज में 14 हाथियों का दल विचरणरत है। इस दल ने जहां रविवार की रात बासिन में एक ग्रामीण के घर को तोड़ने के साथ एक मवेशी को मौत के घाट उतार दिया था। वहीं आज यह दल शांत है। हाथियों के दल को आज सुबह मातिन पहाड़ में विचरण करते हुए देखा गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आसपास के गांवों में मुनादी करा दी गई है तथा ग्रामीणों से कहा गया है कि वे हाथियों की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाए।

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन कराने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

रायपुर(आरएनएस)। जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा विगत 3 वर्षों से सफलता पूर्वक अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि मैराथन का अगला सीजन का आयोजन करने जिला प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। अभी मैराथन आयोजन के सम्बंध में तारीख का एलान नही किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस दौड़ का मकसद माड़ में पूर्ण शांति का पैगाम देना है। इस आयोजन को जिलेवासियों के सहयोग से आयोजित किया जाता रहा है। इस आयोजन से अबूझमाड़ में पहले से ज्यादा शांति हुई है। नारायणपुर जिला अब धीरे-धीरे नक्सल खौफ से उभरने लगा है। इस जिले में खेल-खिलाड़ियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिये है। जिला प्रशासन द्वारा सही समय पर तारीख का एलान किया जाएगा और पंजीयन हेतु लिंक जारी किया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

राजिम (आरएनएस)। हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंगलवार के तडक़े सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाए और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य किया। धर्म के प्रति आस्था का जूनुन सोमवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। आस्था और श्रद्धा के चलते भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त सुबह 3 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्व माना जाता है, इसलिए तडक़े सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण पुण्य स्नान कर दीपदान किया। पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर, बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तडक़े तीन बजे से जारी रहा है। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में नहाने के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षों पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुगण करते देखा गया है। नदी की धार में दोने में रखा दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी किया। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्त नदी अपने मासूम बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है। श्रीकुलेश्वर मंदिर क्षेत्र में जगह-जगह पंडितों का हुजुम भी लगा हुआ था, जहां भगवान श्री सत्यनारायण और शिवजी की कथा भी श्रद्धालुजन करा रहे थे।

महाशिवरात्रि पर संगम स्नान का है खास महत्व- वैसे तो पर्व व त्योहार में स्नान का अपना अलग महत्व होता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का खास कारण है। बताया जाता है महाशिवरात्रि में किसी भी प्रहर अगर भोलेबाबा की प्रार्थना कि जाए, तो मॉ पार्वती और भोलेनाथ सीधे भक्तों की मनोंकामनाएँ पूरी करते है। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। कहा जाता है कि सृष्टि के प्रारंभ में इसी दिन मध्यरात्रि को भगवान शंकर का ब्रम्हा से रूद्र के रूप में अवतरण हुआ था। भगवान शंकर के शरीर पर शमशान के भस्म गले में सर्पो की हार कंठ में विश जटाओं में पावन गंगा तथा माथे में प्रलयंकारी ज्वाला उनकी पहचान है। माना जाता है कि महानदी, सोंढूर, पैरी के संगम में स्नान करने से तन पवित्र तो होते है बल्कि मन की मलिनता दूर हो जाती है। इस दिन संगम की सूखी रेत पर सूखा लहरा लेने का भी परंपरा है। विश्वास है कि भोलेनाथ अन्य वेश धारण कर मेले का भ्रमण करते है।

पर्व स्नान करने उमड़ी नागा, साधु-संतों की भीड़- राजिम माघी पुन्नी मेला 2022 के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों के साधुओं, कबीर पंथीयो की शाही स्नान के लिए शोभायात्रा लोमष ऋषि आश्रम परिसर से सुबह 8 बजे निकली। इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ प्रशासन के अधिकारियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। शोभायात्रा लोमष ऋषि आश्रम से शुभारंभ होकर श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चैक, गौरवपथ राजिम, व्हीआईपी मार्ग होते हुए मेला में बने कुंड में पहुंचे। शोभायात्रा का स्वागत दोनों शहर नवापारा और राजिम में विभिन्न चैक चैराहों में फूलमालाओं बरसा कर किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न चैक में अनेकों अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों का शौर्य प्रदर्शन करते हुए अखाड़े चलाते रहे। शोभायात्रा शाही कुंड के पास पहुंचा, जहां शस्त्र पूजन पश्चात सर्वप्रथम नागा बाबाओं ने कुंड में छलांग लगाई और शाही स्नान की प्रक्रिया पूरा की। स्नान करने विभिन्न अखाड़ों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस विहंगम दृष्य को देखने पुरे मेला क्षेत्र के अलावा कुंड के पास बड़ी संख्या श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थी की भीड़ उमड़ी हुई थी। स्नान के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस विभाग द्वारा तगड़ी व्यवस्था की गई थी।

नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। प्रार्थिया शशि प्रभा साहू नगरी के दो बच्चों को पुलिस एवं पीएससी में नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख रूपये लिया था एवं जल्द नौकरी लग जाने की बात कही थी,लेकिन महिनों बीत जाने के बाद जब नौकरी नही लगा तो रूपये मांगने पर महिला के साथ गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगा,जिसके बाद पीड़िता महिला ने थाना सिटी कोतवाली में आकर अपना शिकायत दी।

जिस पर पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री प्रशांत ठाकुर द्वारा थाना कोतवाली को त्वरित कार्यवाही के निर्देश के बाद थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही करते हुए ठगी के तीनों आरोपियों पतासाजी कर गिरफ्तार कर लाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपी फुलदास मानिकपुरी ने प्रार्थिया से मात्र 5,00,000 / - रूपये लेना स्वीकार कर खर्च कर देना बताता है । इस क्रम में अन्य पीडित से भी 2,90,000 / - रूपये ठगी कर अपने बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कराकर अपने साथियों के साथ आपस में बांट लेना बताया है । आरोपी मोहम्मद इमरान कादरी ने 12 लाख रूपये नगद प्रार्थिया से लेना स्वीकार किया है । आरोपी जाहिद उल्ला खान अपराध में आरोपियो का साथ देना स्वीकार किया है । आरोपियों के विरुद्ध सबूत पाये जाने से थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध क्र.-:105 / 2022 - धारा 420.120 (ख) . 171.417 34 भा0द0वि0 के तहत विधिवत गिरफतार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया गिरफ्तार आरोपियों का नाम-:(01) फुलदास मानिकपुरी पिता छेदीदास मानिकपुरी उम्र 26 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर सार्वजनिक शिव मंदिर के पास भनपुरी जिला रायपुर मोहम्मद इमरान कादरी पिता स्वर्गीय इकबाल कादरी उम्र 34 वर्ष निवासी पुलिस लाईन पेंशनबाडा थाना सिटी कोतवाली जिला रायपुर जाहिद उल्ला खान उर्फ जावेद पिता सलीम उल्ला खान उम्र 62 वर्ष निवासी मेठा डेयरी के पास कटोरातालाब रायपुर। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक रमेश साहू,उप निरीक्षक सुभाष लाल, प्र.आर.उमाकांत साहू,आर. रंजीत कुर्रे, आर.राजेन्द्र कतलम, एवं म.आर.जागृति शर्मा का विशेष योगदान रहा।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यक्रम के दौरान ग्राम गुरसियां में उपद्रव करने वालों के विरुद्ध अपराध दर्ज

0 मकान में तोडफ़ोड़ और वाहनों में की थी आगजनी, दो अलग-अलग मामले दर्ज

कोरबा। 28 फरवरी 2022 को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा ग्राम गुरसिया थाना बांगो क्षेत्र में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में शामिल कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा आमसभा के दौरान ही सभा स्थल के आसपास की दुकानों को बिना पूर्व सूचना के बंद कराने लगे और बलवा कर हिंसा करते हुए राजेश जायसवाल के मकान में तोडफ़ोड़ कर वाहनों में आगजनी की गई। इसके बाद भोलापुरी गोस्वामी के घर मे तोडफ़ोड़ कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया उपद्रवियों को पुलिस और प्रशासन द्वारा सख्ती से नियंत्रित किया गया। मामले में बांगो पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा .452,147,148 149,427,435,336 भादवी के अंतर्गत 02 अलग-अलग मामले दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की पहचान की जा रही है शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रही एसईसीएल की कोयला खदानें

कोरबा। कोल इंडिया की सबसे बड़ी उत्पादन कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रही है। चालू वित्तीय वर्ष 2021. 22 के फरवरी तक 121.85 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया गया, जबकि फरवरी तक का टारगेट 153.11 मिलियन टन था।

एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट्स उत्पादन लक्ष्य से पीछे चल रहे हैं। गेवरा ने 42.39 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले फरवरी तक 35.13 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। दीपका परियोजना से 29.30 तथा कुसमुंडा खदान से 23.23 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका है। फरवरी तक दीपका के समक्ष 31.90 तथा कुसमुंडा को 39.01 मिलियन का टारगेट मिला हुआ था।

शेष 10 खदानें भी उत्पादन लक्ष्य से पीछे हैं। यहां बताना होगा कि एसईसीएल को चालू वित्तीय वर्ष के लिए 172 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला हुआ है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कंपनी के पास 31 दिनों का समय है, लेकिन माना जा रहा है कि टारगेट तक पहुंचना मुश्किल होगा।

दुकानों प्रतिष्ठानों से उत्सर्जित कचरे को निगम के वाहन में ही दें

0 अपर आयुक्त ने ली चेम्बर आफ कामर्स, शादी घर संचालक, होटल एसोसिएशन व व्यापारियों की बैठक

कोरबा। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने जिला चेम्बर आफ कामर्स, शादी घर संचालकों व होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक लेकर उनसे कहा कि निगम द्वारा सभी 13 प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में दिन में दो बार सुबह-शाम डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की गई है, अत: दुकानों, प्रतिष्ठानों से निकले अपशिष्ट को अनिवार्य रूप से निगम के वाहन में ही दें, कचरे को खुले में न फेंके तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में चेम्बर आफ कामर्स के पदाधिकारियों, शादी घर संचालकों, होटल एसोसिएशन तथा व्यापारीबंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने उपस्थित सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि कोरबा शहर को साफ-सुथरा बनाने, कचरे का उचित प्रबंधन करने, कोरबा को प्लास्टिक फ्री कोरबा बनाने तथा निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग दें। निगम द्वारा चिन्हाकित 13 व्यवसायिक क्षेत्रों में सुबह और शाम दिन में दो बार अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था की गई है, अपनी दुकानों से निकले हुए अपशिष्ट को संग्रहित करके रखें तथा जब निगम का वाहन उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में पहुंचे तो वाहन में ही अनिवार्य रूप से कचरे को दें, सडक़, नाली, फुटपाथ आदि में कचरे को न डालें। उन्होने कहा कि निगम द्वारा इस दिशा में सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है तथा निगम का अमला डोर-टू-डोर पहुंचकर समझाईश दे रहा है। इसके पश्चात निगम के वाहन में कचरे को न देकर सडक़, नाली, फुटपाथ आदि में फेंके जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही भी निगम द्वारा की जा सकती है, अत: दण्डात्मक कार्यवाही से बचने के लिए कचरे का उचित समापन कराएं।

एनटीपीसी कोरबा कार्यकारी निदेशक विश्वरूप बसु ने बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर की उज्ज्वल भविष्य की कामना

कोरबा। देश भर में पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी कार्यकारी निदेशक विश्वरूप बसु ने एनटीपीसी कोरबा के आवासीय परिसर स्थित चिकित्सालय में बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यकारी निदेशक बसु ने बताया अपने बच्चे की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं। उन्होंने जिले वासियों अपील करते हुए कहा है कि पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में जिला प्रशासन को अपना सहयोग अवश्य दें। इस दरमियान उन्होंने नन्हें बच्चों की उत्तम स्वास्थ्य लाभ के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश महिंद्रा ने बताया कि 0 से 05 वर्ष के कोई भी बच्चे छूट ना जाये इस उद्देश्य से एनटीपीसी आवासीय परिसर के विभिन्न क्षेत्र प्रगति क्लब, मेन गेट,शासकीय विद्यालय के पास सहित 04 स्थानों पर पल्स पोलियो अभियान का बूथ बनाया गया है। इन बूथों में शाम 05 बजे तक कोई भी पालक अपना 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो का खुराक पिला सकते हैं। इस पल्स पोलियो अभियान में कार्यकारी निदेशक विश्वरूप बसु,एनटीपीसी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लोकेश महिंद्रा, एनटीपीसी चिकित्सालय के स्टाफ सहित अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

भाजपा विधायक ननकीराम कंवर का वायरल पत्र फर्जी, पुलिस में लिखित शिकायत

कोरबा। जिले के रामपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के लेटरहेड पर सोमवार को एक फर्जी पत्र सार्वजनिक हुआ, जिसके बाद उन्होंने सिटी कोतवाली पुलिस को पत्र लिख कर कार्रवाई की मांग की है।

ननकी राम द्वारा कोतवाली थाना में दिए गए पत्र में उल्लेखित है कि छत्तीसगढ़ राज्य के विधायक सौरभ सिंह विधानसभा क्र.33 की प्रधानमंत्री को संबोधित शिकायती आवेदन पत्र फर्जी तरीके से जारी किया गया है। मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर लेटर हेड दुरुपयोग करते हुए जारी

किया गया जिसका मैं खंडन करता हूँ, जबकि दिनांक 27 फरवरी 2022 को मेरे द्वारा किसी प्रकार से प्रधानमंत्री के नाम से संबोधित पत्राचार नहीं किया गया है। इस तरह मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर लेटर हेड का पूर्ण रूपेण दुरुपयोग किया गया है जो कि गंभीर अपराध है। फर्जी हस्ताक्षर कर लेटर हेड का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्यवाई किया जाए जिसके लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा को भी आवश्यक कार्यवाई के लिए प्रेषित किया है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर ने बताया कि भाजपा विधायक सौरभ सिंह द्वारा की गई शिकायत के सन्दर्भ में उनके द्वारा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित पत्र को झूठा, फर्जी और कूट रचित बताया। उन्होंने कूट रचित पत्र की जांच के लिए कोरबा कोतवाली में शिकायत दर्ज करा दी है।

विधायक कंवर ने कहा कि खनिज न्यास मद के दुरुपयोग के संबंध में वे कई बार आवाज उठा चुके हैं और केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुरूप इसका लाभ वास्तविक हितग्राहियों को मिले कार्यों में पारदर्शिता हो यही उनकी प्राथमिकता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे जनहित के मुद्दों पर कभी भी अपनी पार्टी के नेता की मुखालफत नहीं करते। उन्होंने सुबह से वायरल हो रहे पत्र को शासन-प्रशासन की साजिश बताया और विधायक सौरभ सिंह के पत्र के परिपेक्ष में वायरल पत्र को झूठा और फर्जी करार दिया।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने कोरबा खनिज न्यास मद में हो रहे कथित व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर की है, जिसके बाद कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के ही विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर का एक पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ जिसमें कोरबा खनिज न्यास मद के कार्यों को क्लीन चिट देते हुए सौरभ सिंह के पत्र को व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए लिखा जाना बताया गया था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर जरूरी तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मूलभावना कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समस्त उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU